वर्ष – 1 | अंक – 7 | मई 2021

E-News Letter




# रतलाम
## नगर पालिक निगम

मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

# कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम ने प्रशासक का पदभार ग्रहण किया

**10 मई।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश के पालन में जिला नवागत जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम ने आज नगर निगम कार्यालय पहुंचकर प्रशासक का पदभार ग्रहण किया।





पदभार ग्रहण के दौरान जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम का निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व उपायुक्त विकास सोलंकी ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम ने शहर के सफाई कार्य पर विशेष ध्यान देने, वर्कशॉप को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

इसके अलावा उन्होने नगर निगम की आय–व्यय की जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, निगम सचिवश्री जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, आदि उपस्थित थे।

E-News Letter

# रतलाम
## नगर पालिक निगम

मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संबल हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता प्रदान की




04 मई । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 16,844 मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह राशि रूपये 379 करोड रुपए हितलाभ वनक्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। रतलाम नगरीय क्षेत्र के 58 हितग्राही लाभान्वित हुए जिसमें से 54 हितग्राहियों को 2–2 लाख व 4 हितग्राहियों को 4–4 लाख की राशि का हितलाभ प्राप्त हुआ।

वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाभ प्रदान कर '' आपका संबल–आपकी सरकार'' के तहत हितग्राहियों से संवाद किया। रतलाम एन आई सी कक्ष में अधिकारी व हितग्राहियो ने मुख्यमंत्री के संवाद को देखा व सुना।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त नगर निगम श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, श्रम विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

E-News Letter

# रतलाम
नगर पालिक निगम

मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

## गीला व सूखा कचरा सीधे जायेगा जुलवानिया ट्रांसफर स्टेशनों को किया बंद

01 मई। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर– घर से एकत्रित किये गये गीले व सूखे कचरे को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे जुलवानिया प्रोसेसिंग यूनिट पर ले जाया जायेगा।




निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी, कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्परो को निर्देशित किया है कि वे 2 मई रविवार से घर–घर से एकत्रित किये गये गीले एवं सूखे कचरे को पृथक–पृथक अवस्था में ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे जुलवानिया प्रोसेसिंग यूनिट पर लाया जायेगा जहां कचरे का वजन के उपरांत गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक डाला जायेगा जहां पर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा सूखे कचरे में से पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक किया जावेगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिये है कि यदि कोई भी कर्मचारी ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा डालते पाया गया तो सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

## गीला व सूखा कचरा सीधे जायेगा
## बिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन तीन ट्रांसफर स्टेशनों को किया बंद

02 मई। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर– घर से एकत्रित किये गये गीले व सूखे कचरे को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अमृत सागर, पोलोग्राउण्ड, ईश्वर नगर ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे बिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन पर ले जाया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी, कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्परो को निर्देशित किया है कि वे घर–घर से एकत्रित किये गये गीले एवं सूखे कचरे को पृथक–पृथक अवस्था में अमृत सागर, पोलोग्राउण्ड, ईश्वर नगर ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे बिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन पर ले जाया जायेगा जहां 1 काम्पेक्टर में गीला व दूसरे काम्पेक्टर में सूखा कचरा डाला जायेगा। काम्पेक्टर द्वारा पृथक–पृथक कचरे को जुलवानिया प्रोसेसिंग यूनिट पर लाया जायेगा जहां कचरे का वजन के उपरांत गीला व सूखा कचरा पृथक– पृथक निर्धारित स्थान पर डाला जायेगा।

# खेतलपुर में निर्मित सीवरेज एसटीपी प्लांट की शीघ्र होगी टेस्टींग और लगेगा मीटरींग इक्यूपमेंट

01 मई। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार नगर के नागरिकों को गन्दे पानी से मुक्ति दिलाये जाने हेतु सीवरेज कार्य के तहत खेतलपुर में निर्मित किये गये एसटीपी प्लांट की शीघ्र टेस्टींग की जायेगी।



यह फोटो वास्तिविक नहीं है

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि पटरी पार के क्षेत्र हेतु खेतलपुर में निर्मित किये गये एसटीपी प्लांट के इलेक्ट्रीक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा विद्युत संरक्षा विभाग उज्जैन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाकर विद्युत विभाग रतलाम को अनापत्ति प्रमाण–पत्र दे दिया गया है। विद्युत विभाग रतलाम इंदौर के सेन्ट्रल स्टोर से मीटरिंग इक्यूपमेंट सोमवार को इश्यू करवायेगी जिसकी टेस्टींग उज्जैन में की जायेगी। टेस्टींग उपरान्त मंगलवार को मीटरिंग इक्यूपमेंट इंस्टाल किया जायेगा इसके बाद विद्युत विभाग द्वारा विद्युत प्रवाह प्रारंभ कर दिया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में सीवर का कार्य पूर्णता की ओर है जो शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। डीपीआर अनुसार नगर में 43000 हाउस कनेक्शन किये जाने हेतु जिसमें सअब तक 15000 हाउस कनेक्शन किये जा चुक है। लॉक डाउन के कारण एक्ट्रा लेबर नहीं आने से कार्य रूका हुआ है लेबर आ जाने पर शीघ्र शेष हाउस कनेक्शन का कार्य किया

**विद्युत प्रवाह प्रारंभ होने पर एसटीपी प्लांट के मोटर पम्प आदि की टेस्टींग की जावेगी व 15 से 20 दिनों में प्लांट उपयोग में आ जायेगा। इसी प्रकार करमदी एसटीपी प्लांट के विद्युत का कार्य प्रारंभ है जो 8 से 10 दिनों में पूर्ण होकर प्रारंभ होने की संभावना है।**

# कलेक्टर व प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने नगर विकास की जानकारी ली

## नगर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने के दिये निर्देश

27 मई। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर नगर में किये गये व चल रहे विकास कार्यो की जानकारी ली व नगर में पर्याप्त सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश संबंधितों को दिये।



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री पुरूषोत्तम को निगम आयुक्त श्री झारिया ने मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत किये गये कार्य व शेष कार्य की जानकारी से अवगत कराया साथ ही अमृत मिशन के तहत शहर के बड़े नालो को पक्का करना, सीवर लाईन स्थापना कार्य, कालिका माता व अमृत उद्यान का सौन्दर्यीकरण व सिटी ट्रांसपोर्ट की जानकारी से अवगत कराया। कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने निर्देशित किया कि सीवर लाईन के तहत हाउस कनेक्शन के कार्य मे तेजी लाये व शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाये उन्होने सीवर लाईन के एसटीपी प्लांट के कार्य की भी जानकारी ली।



इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना के द्वितीय चरण में 4 लेन सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य, वुमन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर, डोसीगांव व बंजली में निर्मित किये गये आवासीय फ्लेट, दुकाने तथा बीएलसी भवनों के निर्माण की जानकारी कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने जानकारी ली।

आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम को अमृत सागर तालाब जीर्णोद्धार, हनुमान ताल के शुद्धीकरण व सौन्दर्यीकरण, सूरजमल जैन नगर में अधोसंरचना विकास कार्य, नगरीय विकास के पंचवर्षीय रोड मेप में उल्लेखित सड़कों का निर्माण, जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण की जानकारी से निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवगत कराया।



इसके अलावा उन्होने नगर की सीमा, पेयजल आपूर्ति, धोलावाड़ जलाशय, मोरवानी फिल्टर प्लांट व निगम की अचल संपत्ति विक्रय के संबंध में जानकारी ली साथ ही संपत्तिकर व जलकर वसूली की जानकारी लेकर बकाया राशि वसूलने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि नगर निगम द्वारा डोर–टू–डोर कचरे का संग्रहण किया जा रहा है तो शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरा क्यों दिखाई दे रहा है साथ ही वर्तमान में लॉकडाउन होने से व्यावसायिक क्षेत्र बंद है तो कचरा तो कहीं दिखाई नहीं देना चाहीये। उन्होने स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई कार्य में सुधार करें व शहर में कहीं भी कचरा दिखाई ना दें इसकी सुनिश्चित्ता की जाये।

बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने निर्देशित किया कि शहर के विस्तारीकरण का प्रस्ताव तैयार करें जिसमें मास्टर प्लान हो साथ ही शहर के अन्दर विकास के कार्य नगर निगम करें व शहर के विस्तारीकरण का कार्य रतलाम विकास प्राधिकरण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, श्री एम.के. जैन, श्री अरविन्द दशोत्तर, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, निगम सचिव श्री जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, विकास मरकाम, सिद्धार्थ सोनी, श्रीमती अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर श्री कपील मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, निजी सहायक श्री सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी सर्वश्री पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान, सहायक राजस्व उप निरीक्षक श्री वासुदेव बैरागी आदि उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु झोन कार्यालयों पर लिये आवेदन



**पात्र परिवारो के सत्यापन हेतु राशन–मित्र पोर्टल पर कार्य प्रारंभ शासन निर्देशानुसार कोविड–19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्ची विहीन/ छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची बनाने हेतु निगम के झोन कार्यालयों पर प्रातः 8:00 बजे से आवेदन व आवश्यक दस्तावेज लिये जायेंगे।**

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि एनएफएसए 2013 अन्तर्गत 24 श्रेणी के परिवारों को पात्रता श्रेणी अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। कोविड–19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्चीविहीन/छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची बनाने हेतु निगम के झोन क्रमांक 1 अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, झोन क्रमांक 2 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, झोन क्रमांक 3 अमृत सागर उद्यान भवन व झोन क्रमांक 4 हरमाला सम्पवेल भवन पर प्रातः 8:00 बजे से नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा आवेदन लिये जायेंगे। हितग्राहियों हेतु आवेदन की व्यवस्था झोन कार्यालयों पर की गई है हितग्राही कोविड–19 की गाईड लाईन का पालन कर व मास्क लगाकर को अपने साथ समग्र आई.डी., आधार कार्ड व 24 श्रेणियों में से किसी भी एक श्रेणी के दस्तावेज की छाया प्रति साथ में लावें। खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची के लिये 24 श्रेणी क्रमशः समस्त बीपीएल परिवार, वनाधिकार पट्टेधारी, समस्त भूमिहीन कोटवार, मध्यप्रदेश में निवासरत् समस्त अनुसूचित जाति के परिवार, मध्यप्रदेश में निवासरत् समस्त अनुसूचित जनजाति के परिवार, वर्ष 2013–14 में प्राकृतिक आपदा में प्रभावित परिवार जिनकी फसलों से क्षति 50 प्रतिशत या उससे अधिक हो, समस्त ऐसे व्यक्ति जो मध्यप्रदेश भवन तथा अन्य संनिर्माण

कर्मकार मंडल के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक हैं एव उन पर आश्रित परिवारों के सदस्य, बंद पड़ी मिलों में नियोजित पूर्व श्रमिक, बीड़ी श्रमिक कल्याण निधी अधिनियम 1972 के परिचय पत्र धारी बीड़ी श्रमिक, ग्रामिण क्षेत्रों के समस्त ऐसे व्यक्ति जो मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजनान्तर्गत भूमिहीन, खेतीहर पंजीकृत मजदूर एवं आश्रित परिवार के सदस्य, साइकिल रिक्शा चालक एवं हाथ ठेला चालक कल्याण योजना में पंजीकृत व्यक्ति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत साइकिल रिक्शा/हाथ ठेला चालक एवं आश्रित परिवारों के सदस्य, घरेलू कामकाजी महिलाऐं, फेरीवाले स्ट्रीट वेण्डर, नगरीय निकायों के पंजीकृत केशशिल्पी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पंजीकृत हितग्राही एवं आश्रित परिवारों के सदस्य, अनाथ आश्रम निराश्रित/विकलांग छात्रावासों में निवासरत् बच्चे तथा वृद्धाश्रमों में निःशुल्क निवारत् वृद्धजन, पंजीकृत बहुविकलांग एवं मंदबुद्धी व्यक्ति, रेलवे में पंजीकृत कुली, मंडियो में अनुज्ञाप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटी, कुटीर एवं ग्रामोधोग विभाग अन्तर्गत पंजीकृत बुनकर एवं शिल्पी, एचआईव्ही (एड्स) संक्रमित व्यक्ति (जो स्वेच्छा से लाभ लेना चाहते हो), मत्सय पालन करने वाले (मछुआ) सहकारी समितियों में पंजीकृत परिवार/ सदस्य, पंजीकृत व्यावसायिक वाहन चालक/परिचालक व विमुक्त घुम्मकड़ एवं अर्धघुम्मकड़ जातियों के परिवार जो पूर्व से अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों से छूटे हुए है।

**14 मई।** को नागरिकों ने निगम के झोन क्रमांक 1 पर 70, झोन क्रमांक 2 पर 13, झोन क्रमांक 3 पर 80 व झोन क्रमांक 4 पर 90 इस तरह कुल 253 आवेदन जमा कराये। प्राप्त आवेदनों के पात्र परिवारों के सत्यापन की कार्यवाही राशन-मित्र पोर्टल पर प्रारंभ कर दीं गई है।

**15 मई।** खाद्यान्न पर्ची हेतु 1152 नागरिकों ने जमा कराये आवेदन खाद्यान्न पर्ची हेतु झोन कार्यालयों पर लिये जा रहे हैं आवेदन पात्रता पर्ची हेतु 1704 नागरिकों ने जमा कराये आवेदन पात्र परिवारो के सत्यापन हेतु राशन-मित्र पोर्टल पर कार्य प्रारंभ पात्रता पर्ची हेतु जांच उपरान्त 212 हिंतग्राही हुए पात्र

| | |
|---|---|
| **18 मई।** कुल 2389 आवेदन जमा कराये। | **19 मई।** तरह कुल 2922 आवेदन जमा कराये। |
| **20 मई।** कुल 3336 आवेदन जमा कराये। | **21 मई।** कुल 3651 आवेदन जमा कराये। |
| **22 मई।** कुल 3868 आवेदन जमा | **19 मई।** तरह कुल 2922 आवेदन जमा कराये। |
| **20 मई।** कुल 3336 आवेदन जमा कराये। | **21 मई।** कुल 3651 आवेदन जमा कराये। |
| **22 मई।** कुल 3868 आवेदन जमा | **24 मई।** कुल 4015 आवेदन जमा कराये। |
| **25 मई।** कुल 4027 आवेदन जमा कराये। | **26 मई।** कुल 4187 आवेदन जमा कराये। |
| **27 मई।** कुल 4315 आवेदन जमा कराये। | **28 मई।** कुल 4427 आवेदन जमा कराये। |

**29 मई।** कुल 4492 आवेदन जमा कराये।

शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण के कारण लॉक डाउन अवधि में गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पात्रता पर्चीविहीन/छूटे हुए गरीब परिवारों को खाद्यान्न वितरण हेतु अस्थायी पर्ची बनाने हेतु 14 से 29 मई तक नागरिकों ने निगम के झोन क्रमांक 1 पर 938, झोन क्रमांक 2 पर 1008, झोन क्रमांक 3 पर 1157 व झोन क्रमांक 4 पर 1333 इस तरह कुल 4492 आवेदन जमा कराये। प्राप्त आवेदनों के पात्र परिवारों के सत्यापन की कार्यवाही का कार्य राशन-मित्र पोर्टल पर जारी है।






## फल–सब्जी विक्रय हेतु पांच स्थानों पर होगा पंजीयन

30 मई। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार 1 जून से होने वाले अनलॉक के तहत निर्धारित समयावधि में घर–घर जाकर फल एवं सब्जी विक्रय हेतु फल एवं सब्जी विक्रेताओं का पंजीयन कर परिचय पत्र बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा 31 मई सोमवार से प्रातः 10 बजे से नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निम्न पंजीयन केन्द्रों पर किया जावेगा।

1– झोन क्रमांक 1 अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल

2– झोन क्रमांक 3 अमृत सागर उद्यान

3– झोन क्रमांक 4 हरमाला पम्प हाउस

4– सुभाष नगर कम्यूनिटी हॉल

5– कालिका माता सांस्कृतिक मंच पर

1 जून से होने वाले अनलॉक के तहत निर्धारित समयावधि में घर–घर जाकर फल एवं सब्जी विक्रय हेतु फल एवं सब्जी विक्रेताओं से अपील की जाती है कि वे उक्त स्थलों पर कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, मतदाता परिचय पत्र के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करावें पंजीयन नहीं करने वाले विक्रेतओं को फल–सब्जी का विक्रय नहीं करने दिया जावेगा व उनके फल–सब्जी जब्त कर धारा 188 के तहत केस दर्ज किया जावेगा।

### फल–सब्जी विक्रय हेतु पंजीयन कराने वाले विक्रेताओं को कोविड–19 क नियमों का पालन निम्नानुसार करना अनिवार्य होगा:–

1– क्रेता व विक्रेता को मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

2– फल–सब्जी में क्रेता हाथ नहीं लगायेगा विक्रेता को स्वंय ही तौलकर देना

3– विक्रेता को बार–बार अपने हाथ सेनेटाईज करना

4– मुख्य चौराहो व मार्गो, एक स्थान व जमीन पर बैठक फल–सब्जी का

5– ठेले पर चलित रूप से गली मोहल्लों में फल–सब्जी का विक्रय किया जा

**नियमों का उल्लघंन करने पर विक्रेता का पंजीयन 15 दिवस के लिये रद्द कर दिया जावेगा।**

E-News Letter
रतलाम
नगर पालिक निगम
मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

# दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक बनेगी 4 लेन सड़क

## निगम आयुक्त श्री झारिया ने किया स्थल निरीक्षण



03 मई। विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से कानवेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण के तहत दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पूर्व महापौर श्री शैलेन्द्र डागा, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि के साथ स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ठेकेदार श्री रूपेश पिरोदिया को दिये





निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से डीआरएम ऑफिस तक 4 लेन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लॉक डाउन अवधि में आवागमन नहीं होने दो बत्ती चौराहो से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क का निर्माण कराया जाना है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें ताकि लॉकडाउन अवधि में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सकें।

# 4 लेन निर्माण कार्य प्रारंभ

31 मई। दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा विगत दिनों ठेकेदार को दिये निर्देश के तहत् ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी के साथ किया।



निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ठेकेदार श्री निलेश पिरोदिया को निर्देशित कि उक्त सड़क का उत्कृष्ट निर्माण कार्य 7 दिवस में पूर्ण करें ताकि यह सड़क आदर्श व उत्तम रूप में नागरिकों को उपलब्ध हो सकें। उन्होने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पुरा ध्यान रखा जाये व कार्य तेजी से किया जाये।



निगम आयुक्त श्री झारिया सड़क के बीच के नाले में पाईप डालने के पहले नाले की गाद निकालने हेतु झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े को निर्देशित किया। उन्होने इस अवसर पर बताया कि वर्षा ऋतु में डाट की पुल की ओर से बहकर आने वाले वर्षा के पानी से दो बत्ती क्षेत्र में जल भराव की स्थिति अब उत्पन्न नहीं होगी इस हेतु सड़क के नीचे पाईप डाले जा रहे जिससे वर्षा के पानी की जल निकासी हो सकेगी।

# युद्ध स्तर पर चल रहा है नाले–नालियों की सफाई का कार्य

वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के समस्त नाले–नालियों की सफाई करवाये का कार्य निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह के निर्देशन में किया जा रहा है साथ ही नालो की सफाई उपरान्त जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्रॉली व गैंग के माध्यम से नालों व नालियों में केसोलिक व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है



## 18 मई। 7 नालो की सफाई

कॉलेज रोड, श्रीमालीवास, हरमाला रोड ताज स्टोन के सामने वाले नाले की सफाई का कार्य गया।

## 19 मई। नालो की सफाई

कॉलेज रोड, श्रीमालीवास, हरमाला रोड ताज स्टोन के सामने, बाजना बस स्टैण्ड जैन स्कूल के पास व गौशाला रोड वाले नाले की सफाई का कार्य किया गया।














## 21 मई। नालो की सफाई

शैरानीपुरा कसाई मण्डी, मदिना मस्जिद वेदव्यास कालोनी, कुरेशी मण्डी मौमिनपुरा, जवाहर नगर, नौलाईपुरा, गांधी नगर व स्टेशन रोड विधायक कार्यालय के सामने वाले नाले की सफाई का कार्य किया गया।

## 22 मई। नालो की सफाई

पेपर मिल के पास गुलमोहर कॉलोनी के पास, तेजा नगर ब्लॉक नम्बर 1, गौशाला रोड नागेश्वर व्यायामशाला के पास, इन्द्रलोक नगर मार्निंग स्टार स्कूल के पीछे, गोमदड़े की पुल, ओझाखाली व राजेन्द्र नगर नाले की सफाई का कार्य किया गया।

## 23 मई। 5 नालो की सफाई

पेपर मिल के पास गुलमोहर कॉलोनी, गोमदड़े की पुल, भरावा की कुई, बोहरा बाखल व ईश्वर नगर नाले की सफाई का कार्य किया गया।



## 24 मई। 4 नालो की सफाई का कार्य जारी

गोमदड़े की पुल वाला नाला, न्यू रोड बालाजी रेस्टोरेंट के सामने वाला नाला, बाजना बस स्टैण्ड कलाली वाला नाला, सुभाष नगर वाले नाले की सफाई का कार्य किया गया

## 25 मई। 6 नालो की सफाई

गोमदड़े की पुल वाला नाला, शहर सराय हमदेश प्रेस वाला नाला, रेल नगर का नाला, मुखर्जी नगर का नाला, सुभाष नगर का नाला तथा राजेन्द्र नगर वाले नाले की सफाई

## 28 मई। 7 नालो की सफाई



चौमुखी पुल वाला नाला, त्रिपोलिया गेट का नाला, गोमदड़े की पुल वाला नाला, मुखर्जी नगर नाला, गांधी नगर नाला, त्रिवेणी कुण्ड के आसपास, सुभाष नगर नाला व श्रीमालीवास वाले नाले की सफाई का कार्य

## 29 मई। 4 नालो की सफाई

गोमदड़े की पुल वाला नाला, ओझाखाली, पावर हाउस रोड व श्रीमालीवास वाले नाले की सफाई का कार्य किया गया।

## 31 मई। 5 नालो की सफाई

गोमदड़े की पुल, रत्नेश्वर रोड, जवाहर नगर, पावर हाउस रोड, पुलिस लाईन तलैया शैरानी पुरा रोड, अमृत सागर कालोनी वाले नाले की सफाई का कार्य किया




# रतलाम
## नगर पालिक निगम

मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण



01 मई। कोविड–19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई–दक्ष केन्द्र रतलाम से 01 मई शनिवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर–घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया



| दिनांक | मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर | मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया | मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये | मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना | मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना | मेडिसीन किट मरीज के परिजनों प्राप्त होना पाया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 मई | 92 | 12 | 08 | 08 | 06 | 00 |
| 02 मई | 112 | 11 | 05 | 09 | 10 | 00 |
| 03 मई | 73 | 10 | 02 | 01 | 3 | 00 |
| 04 मई | 181 | 21 | 14 | 11 | 8 | 00 |
| 05 मई | 42 | 06 | 01 | 03 | 03 | 00 |
| 06 मई | 103 | 05 | 06 | 09 | 08 | 00 |
| 07 मई | 138 | 09 | 08 | 08 | 10 | 00 |
| 08 मई | 181 | 11 | 09 | 09 | 06 | 00 |
| 09 मई | 104 | 08 | 09 | 01 | 06 | 00 |
| 10 मई | 83 | 10 | 02 | 02 | 06 | 167 |
| 11 मई | 109 | 07 | 07 | 07 | 04 | 264 |
| 12 मई | 113 | 07 | 07 | 04 | 15 | 247 |
| 13 मई | 68 | 04 | 03 | 00 | 02 | 116 |
| 14 मई | 87 | 04 | 03 | 08 | 09 | 199 |
| 15 मई | 66 | 05 | 02 | 06 | 02 | 99 |
| 16 मई | 112 | 08 | 03 | 06 | 05 | 194 |
| 17 मई | 112 | 03 | 06 | 05 | 00 | 194 |
| 19 मई | 35 | 03 | 02 | 04 | 04 | 58 |

| दिनांक | मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर | मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया | मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये | मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना | मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना | मेडिसीन किट मरीज के परिजनों प्राप्त होना पाया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 मई | 35 | 03 | 02 | 05 | 05 | 58 |
| 21 मई | 61 | 03 | 04 | 06 | 06 | 103 |
| 22 मई | 48 | 05 | 05 | 05 | 01 | 182 |
| 23 मई | 36 | 04 | 01 | 15 | 88 | 00 |
| 24 मई | 24 | 02 | 01 | 07 | 54 | 00 |
| 25 मई | 15 | 02 | 00 | 00 | 00 | 31 |
| 26 मई | 15 | 01 | 00 | 00 | 00 | 31 |
| 27 मई | 22 | 01 | 00 | 00 | 00 | 45 |
| 28 मई | 22 | 01 | 02 | 01 | 00 | 37 |
| 29 मई | 19 | 03 | 01 | 00 | 00 | 38 |
| 30 मई | 09 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 31 मई | 07 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 |

# धोलावाड़ जलाशय में मोटर पम्प स्थापित किये




10 मई। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल बाधित ना हो व नागरिकों को किसी प्रकार से पेयजल की समस्या ना हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नवीन इंटकवेल के जैकवेल के समीप जलाशय में दो मोटर पम्प स्थापित किये गये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि वर्तमान में धोलावाड़ में जल स्तर बना हुआ है ग्रीष्म ऋतु में आगामी दिनों में जल स्तर कम होने पर नवीन इंटकवेल के जैकवेल तक पानी लाने हेतु पूर्व से ही 65 एचपी के 2 मोटर पम्प स्थापित कर उनकी टेस्टींग भी पूर्ण कर ली गई है। मोटर पम्प स्थापित करने का कार्य जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री बी.एल. चौधरी के निर्देशन में किया गया।

# कनटेनमेंट झोन से कोरोना संक्रमण रोकने में मिली सफलता

**नगरीय क्षेत्र में अब तक 231 कनटेंनमेंट झोन बनाये कोविड–19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक 231 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है।**



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11 से 31 मई तक टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा–कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर में 1 व जी सेक्टर में 2, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4 में 1 व गली नम्बर 5 में 2, सिलावटो का वास, कस्तुरबा नगर पीएण्डटी कोलोनी, अम्बिका नगर, राजीव नगर, सुयोग परिसर, थावरिया बाजार, वेदव्यास कालोनी अभिलाषा अपार्टमेन्ट, खटीक मोहल्ला, दीनदयाल नगर डी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4, नेमीनाथ नगर, गौशाला रोड, सुतारो का वास, जवाहर नगर, जनता नगर, अलकापुरी, भोयरा बावड़ी, ताहेरपुरा, अलकापुरी मुख्य मार्ग, कस्तुरबा नगर सांवरिया स्वीट् के पास, जवाहर नगर, बाणेश्वरी कॉलोनी, नेमीनाथ नगर, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, तेजा नगर गली नम्बर 4 आदर्श गुरू कल्याण नगर, रिद्धी–सिद्धी कालोनी, सिद्धांचलम एक्सटेंशन, महेश नगर, इन्द्रा नगर, सैनिक कालोनी, टाटा नगर गली नम्बर 1 व 8, सिलावटो का वास अन्न क्षेत्र, करमदी रोड, सुदामा परिसर, अजंता पेलेस, राजस्व कालोनी, खटीक मोहल्ला, हाथीखाना, खटीक मोहल्ला, गौशाला रोड, जाटो का वास, नौलाईपुरा, टाटा नगर गली नम्बर 7, अरिहंत परिसर सेक्टर

नम्बर 2 में 2 व 1 में 1, नूरी नगर उंकाला रोड, सूरजमल जैन नगर, लक्ष्मीनगर ए कालोनी, एम.बी. नगर, लक्ष्मणपुरा पीएनटी कालोनी गली नम्बर 1, ग्लोबस टाउन शिप, अलकापुरी एम.आई.जी. 24 व 25 व अलकापुरी डी 27 व बी 279, हिम्मत विहार कालोनी, अशोक नगर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, दीनदयाल नगर एफ सेक्टर, वेदव्यास कालोनी, ताहेरपुरा, श्रीमालीवास, जवाहर नगर व मोहन नगर में 2 कन्टेनमेंट, हाथीखाना, खान बावड़ी, गुलमोहर कालोनी, रामदेवजी की घाटी, दीनदयाल नगर सी सेक्टर, करण नगर, जूनी कलालसेरी, कल्याण नगर, गांधी नगर, डोंगरे, इन्द्रा नगर, दीनदयाल नगर डी, ई व एफ सेक्टर, हिम्मत नगर में 2, महेश नगर, जवाहर नगर, अम्बेडकर नगर, कोमल नगर, मित्र निवास रोड, टीआईटी रोड पर 2, गुलमोहर कालोनी, महू रोड रायल कालेज के पास पटेल हाउस, आमलिया भेरू, रत्नपुरी, न्यू ग्लोबस सिटी, पीएनटी कालोनी, वीआईपी नगर, भोई मोहल्ला, जावरा रोड सीतला माता मंदिर, शास्त्री नगर रतलाम हास्पीटल के पास, लक्ष्मी नगर, जैन कालोनी नागरवास, महू रोड अविष्कार अपार्टमेन्ट, पीएनटी कालोनी, काटजू नगर, सिद्धांचलम, प्रताप नगर, धभाई जी का वास, दीनदयाल नगर ए सेक्टर, कोठारीवास, दो बत्ती पुलिस लाईन, जावरा रोड, जावरा रोड सीतला माता मंदिर, धीरजशाह नगर गली नम्बर 4, गांधी नगर, सनसिटी, तिरूपति नगर, देवरा देव नारायण नगर, रेहमत नगर, प्रताप नगर, दीनदयाल नगर, राम मंदिर के पास, मराठो का वास, मोचीपुरा, हाट रोड, राजस्व कालोनी, मिड टाउन कालोनी, सुरजमल जैन नगर, सुदामा नगर गली नम्बर 4, रामगढ़, दीनदयाल नगर बी सेक्टर, जवाहर नगर, राजीव नगर, सज्जन विहार कालोनी, मित्र निवास रोड, एकता नगर, काजीपुरा, भगतपुरी मुख्य मार्ग, ऋषभदेव नगर, रेलवे कालोनी, कस्तुरबा नगर, जवाहर नगर, पीएनटी कालोनी, इन्द्रा नगर, डोंगरे नगर, नागरवास, आबकारी रोड, नजर बाग बैंक कालोनी, चांदनी चौक, शिवधाम परिसर रत्नेश्वर रोड, सम्यक ग्लोबस सिटी, जावरा रोड, रेहमत नगर, प्रताप नगर, घटला कालोनी, डोसीगांव पी.एम. आवास योजना फ्लेट, कांगसी मोहल्ला बाजना बस स्टैण्ड, अशोक नगर, टाटा नगर गली नम्बर 2, कस्तुरबा नगर, अलकापुरी, जवाहर नगर, जाटो का वास, 2 मुंह की बावड़ी, महालक्ष्मी नगर, दीनदयाल नगर, इन्द्रा नगर, जवाहर नगर, सिलावटो का वास, भगतसिंह कालोनी व जवाहर नगर में कनटेन्मेंट झोन बनाये गये है इस तरह 21 दिवस में 231 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।

# कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

**कोविड–19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।**

**निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड–19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को जा सकें।**

**कन्टेनमेंट क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन के तहत आदर्श नगर, अलाकपुरी अम्बे माता मंदिर के समीप, त्रिमूर्ती नगर, कस्तुरबा नगर, सुनाना ड्रीम्स होम्स,देवरा देव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, दीपक नगर, महेश नगर, सनसिटी, रत्नपुरी, राजबाग, राजीव नगर, कस्तुरबा नगर पीएनटी कालोनी, सुयोग परिसर, अम्बिका नगर, राजीव नगर, जवाहर नगर सी कालोनी में सेनेटाईजेशन किया गया।**

# सेनेटाईजेशन किये जाने पर निगम कर्मचारियों का किया सम्मान

29 मई। कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 42 में सेनेटाईजेशन किये जाने पर अनवट भैरव सेवा समिति मोहन टॉकिज के पदाधिकारियों द्वारा निगम कर्मचारियों का सम्मान किया।



29 मई। कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 42 में सेनेटाईजेशन किये जाने पर अनवट भैरव सेवा समिति मोहन टॉकिज के पदाधिकारियों द्वारा निगम कर्मचारियों का सम्मान किया। 29 मई को वार्ड 42 के क्षेत्र कलाईगर रोड, हाटीराम दरवाजा,इमली गली, नाइयों की गली, मोहन टॉकीज, भोयरा बावड़ी, सिंधी गली,रामदेव जी की घाटी, थावरिया बाजार, बागड़ो का वास, कोठारी वास, सीतला माता , पिंजार वाडी में सेनेटाईजेशन किये जाने पर नगर निगम कर्मचारी श्री अब्दुल जी राशिद, ट्रैक्टर चालक दशरथ जी डामोर का अनवट भैरव सेवा समिति (मोहन टाकीज) के पदाधिकारी सर्वश्री चेतन सिंह पंवार और मोहन लाल चोपड़ा रवि पंवार,मंजीत सिंह, कैलाश चंद शर्मा, शैलेंद्र कृपलानी, त्रिलोक मेहता, कान्हा, कार्तिक आदि ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।

# नगर

## में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन



## विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से किया सेनेटाईज





रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है।

इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई–दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया।

**नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।**

| दिनांक | सेनेटाइजेशन के स्थान |
|---|---|
| 01 मई | मेडिकल कालेज, वार्ड क्रमांक 3 रेल नगर, वार्ड क्रमांक 5 जवाहर नगर, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी व त्रिवेणी मुक्तिधाम, अलकापुरी, थावरिया बाजार लम्बी गली, कृषि उपज मण्डी सहित |
| 02 मई | माली कुआं, शांति नगर, अलकापुरी, रिद्धी–सिद्धी कालोनी, डोंगरे नगर, मेडिकल कालेज, बिरियाखेड़ी, मुखर्जी नगर, बसंत कॉलोनी, अमृत सागर कालोनी, हरमाला रोड, सैफी नगर |
| 03 मई | विनोबा नगर क्रिश्चियन कालोनी, सिलावटो का वास, कांगसी मोहल्ला, पटेल कालोनी, राजेन्द्र नगर, ईश्वर नगर, भांभी मोहल्ला, गणेश नगर, इन्द्रलोक नगर, मेडिकल कालेज, मार्निंग स्टार स्कूल से नयागांव |
| 04 मई | भक्तन की बावड़ी, त्रिवेणी मुक्तिधाम, जवाहर नगर मुक्तिधाम, बाजना बस स्टैण्ड चौराहा, तहसील कार्यालय, तिरूपति नगर, दीपक नगर, राज टॉवर, मेडिकल कालेज, विष्णु विला टॉवर, दो मुंह की बावड़ी सीतला माता मंदिर से बावड़ी तक, शक्ति नगर |
| 05 मई | अरिहंत परिसर, टाटा नगर, तेजा नगर, बालाजी नगर, राम नगर, काजीपुरा मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, त्रिवेणी मुक्तिधाम, जवाहर नगर मुक्तिधाम, समता परिसर, सुदामा परिसर, |

| | |
|---|---|
| 06 मई | ग्राम, पूनम विहार कालोनी, शक्ति नगर, बिरियाखेड़ी, ऑफिसर्स कालोनी, कसारा बाजार, मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, अहिंसा |
| 07 मई | हरमाला रोड, शांति नगर, शुभ विहार कालोनी, टीआईटी रोड, सिविक सेन्टर, राम मंदिर सब्जी मण्डी, मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, जवाहर नगर मुक्तिधाम, राम बाग, माली कुआं, देवरा देव नाराण नगर |
| 08 मई | अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, गांधी नगर टीआईटी बिल्डिंग, राम बाग, हरमाला रोड, फुल मण्डी, मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, सखवाल नगर, स्टेशन रोड, दिलबहार चौराहा सहित नगर |
| 09 मई | नगर, बैंक कालोनी, रिद्धी–सिद्धी अपार्टमेन्ट, मौलाना आजाद नगर मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, टाटा |
| 10 मई | जाटो का वास, गीता मंदिर से होते हुए सुभाष उपाध्याय वकील साहब, महेन्द्र मेडिकल कालेज, अमृत सागर कालोनी, कटारिया के घर से होते हुए तखतमल पोहे वाले की गली, गीता मंदिर के पीछे रांगोली हॉल के आसपास वाली गलियां व डॉ निर्मल जैन वाली गली |
| 12 मई | टाटा नगर गली नम्बर 3, 4 व 5 सहित नगर , मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, मदरसा, खाचरोद रोड, प्रताप नगर, होमगार्ड कालोनी, अर्जून नगर, |
| 13 मई | मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, काटजू नगर, दीनदयाल नगर, मोती नगर, ओसवाल नगर, टाटा नगर सहित नगर |
| 14 मई | भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, आमलिया भेरू, काटजू नगर, कोविड सहायता केन्द्र सहित नगर |
| **18 मई** | **112 कन्टेनमेंट क्षेत्रों और मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, ब्राम्हणों का वास, धानमण्डी सहित नगर** |
| **19 मई** | **124 कन्टेनमेंट क्षेत्रों और ओल्ड ग्लोबस कॉलोनी, चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर से नई पानी की टंकी तक, अलकापुरी गांधी स्कूल सहित नगर** |
| **21 मई** | **151 कन्टेनमेंट क्षेत्रों और मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, ब्राम्हणों का वास, तेजा नगर, टाटा नगर, वेदव्यास कालोनी सहित नगर** |
| 23 मई | मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, स्नेह नगर 80 फीट रोड, मोहन नगर, कस्तुरबा नगर, इन्द्रा नगर सहित नगर |
| 24 मई | भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, कस्तुरबा नगर, राजीव नगर सहित नगर मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम, |
| 25 मई | मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम,भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, कस्तुरबा नगर, सहित नगर |
| 26 मई | जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, मेडिकल कालेज, त्रिवेणी मुक्तिधाम, सहित नगर |
| 27 मई | मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, सहित नगर |
| 28 मई | जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, सहित नगर |

| | |
|---|---|
| 29 मई | भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, सहित नगर मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम |
| 30 मई | फ्रीगंज सहित नगर मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, स्टेशन रोड विसाजी मेंशन के पीछे, |
| 31 मई | मेडिकल कालेज, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, स्टेशन रोड विसाजी मेंशन के पीछे, फ्रीगंज सहित नगर |

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी




01 मई। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड–19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहूचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ हीं इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखीं जा रहीं है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखीं जा रहीं है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे है।

## अवैध रूप से पेड़ काटने पर निगम ने एफआईआर हेतु भेजा पत्र



31 मई । जैन कालोनी स्थित बगीचे में अवैध रूप से बरगद का सुखा पेड़ काटे जाने पर नगर निगम द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज किये जाने हेतु थाना प्रभारी थाना स्टेशन रोड को पत्र प्रेषित किया गया । जैन कालोनी स्थित बगीचे में बरगद का सुखा पेड़ काटे जाने पर नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा 28 मई को मौके पर पंचनामा बनाया गया मौके पर चर्चा करने पर पेड़ काटे जाने के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होने पर नगर निगम द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज किये जाने हेतु थाना प्रभारी थाना स्टेशन रोड को पत्र प्रेषित किया गया ।

# सफाई कार्य सुदृढ़ बनाने हेतु प्रभारियों के झोन बदले

## कार्य ठीक नहीं होने पर होगी कार्यवाही

12 मई। शहर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने झोन प्रभारियों के झोन को बदला।



निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि उनके झोन के अन्तर्गत आने वाले वार्डो की सड़को, गलियों, नाले– नालियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई रखी जाये सफाई कार्य ठीक नहीं होने पर संबंधित झोन प्रभारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के 4 झोन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के पर्यवेक्षण एवं झोन क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले वार्डो के वार्ड प्रभारियों पर नियंत्रण हेतु झोन क्रमांक 1 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 14 तक के लिये श्री विनय सिंह चौहान, झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 27 से 39 तक के लिये श्री पर्वत हाड़े, झोन क्रमांक 3 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 15 से 18 व 22, 23 तथा 45 से 49 तक के लिये श्री किरण चौहान व झोन क्रमांक 4 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 19 से 21, 24 से 26 व 40 से 44 तक के लिये श्री ए.पी. सिंह को झोन प्रभारी नियुक्त किया गया है।




# सफाई व्यवस्था के पर्यवेक्षण हेतु झोन प्रभारियों की नियुक्ति




11 मई। शहर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्य विभाजन करते हुए झोन प्रभारी नियुक्त किये। स्वास्थ्य विभाग के 4 झोन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के पर्यवेक्षण एवं झोन क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले वार्डो के वार्ड प्रभारियों पर नियंत्रण हेतु झोन क्रमांक 1 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 14 तक के लिये श्री विनय सिंह चौहान, झोन क्रमांक 2 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 27 से 39 तक के लिये श्री पर्वत हाड़े, झोन क्रमांक 3 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 15 से 18 व 22, 23 तथा 45 से 49 तक के लिये श्री किरण चौहान व झोन क्रमांक 4 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 19 से 21, 24 से 26 व 40 से 44 तक के लिये श्री ए.पी. सिंह को झोन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# मेडिकल कॉलेज की सफाई पर्यवेक्षण का कार्य श्री मेहरा

12 मई। मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण कार्य का दायित्व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने उप स्वछता पर्यवेक्षक श्री विराट मेहरा को सौंपा है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने उप स्वछता पर्यवेक्षक श्री मेहरा को मेडिकल कॉलेज की साफ–सफाई हेतु नियुक्त एजेन्सी से संपूर्ण परिसर की साफ–सफाई का कार्य करवाना, कॉलेज के शौचालयों/मूत्रालयों की प्रतिदिन साफ–सफाई, कॉलेज में स्थापित नगर निगम के मोबाईल टॉयलेट की साफ– सफाई व पानी की व्यवस्था करवाना तथा मेडिकल कॉलेज का मेडिकल वेस्ट एवं अन्य कचरा प्रतिदिन पृथक–पृथक वाहनों के माध्यम से उठवाकर निर्धारित स्थलों पर पंहूचाने का दायित्व सौंपकर प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

# स्थायीकर्मी मनोज राठौर सेवा से बर्खास्त


04 मई । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के लोक निर्माण विभाग में कार्यरत स्थायीकर्मी मनोज–नन्दकिशोर राठौर द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर की श्रमिक डायरी को अन्य समयपाल की टेबल उठा लिये जाने व एक माह बाद बिना जांच के वापस रख दिये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया।

स्थायीकर्मी मनोज राठौर द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर की 04 श्रमिक डायरी को इन्य समयपाल की टेबल से उठा लिये जाने तथा एक माह पश्चात बिना जांच के वापस रख दिया गया जबकि उक्त कार्य स्थायीकर्मी समयपाल श्री राजेश सोलंकी व उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार के वार्ड क्षेत्र का है। पूर्व में भी मनोज राठौर द्वारा इस प्रकार की त्रुटि की जा चुकी है इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया किन्तु मनोज राठौर द्वारा सूचना पत्र का उत्तर भी नहीं दिये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।




# ''किल कोरोना–3'' अभियान के तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन

**07 मई। शासन निर्देशानुसार कोविड–19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए '' किल कोरोना–3'' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।**



**लक्षण युक्त रोगियों का लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड–19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिकपर रेफरल का कार्य किया जायेगा। 7 दिवस में किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी–खॉसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी कोविड सहायता केन्द्र पर संपर्क करें।**

किल कोरोना–3'' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रो पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्ट नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो0नं0 9685330094 व श्री लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. **मो0 नं0 7999606919** को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशी सर्दी/खांसी/प्स्प् के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा, गले में खराश/सांस लेने में कठिनाई/बदन दर्द/ सिर दर्द के साथ बुखार आदि

रतलाम
नगर पालिक निगम
मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

# ''किल कोरोना–4'' अभियान के तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन

**29 मई।** शासन निर्देशानुसार कोविड–19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए '' किल कोरोना–4 '' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम द्वारा किल कोरोना 4 के तहत सघन सर्वे हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास, नगर निगम, राजस्व व शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के दलो का गठन किया गया है जो बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी–खॉसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने वाले मरीजों का घर–घर जाकर सर्वे करेंगे। '' किल कोरोना–4 '' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है। उक्त केन्द्रो पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो0नं0 9685330094 व श्री लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो0 नं0 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशीघ्र सर्दी/खांसी/प्स्प् के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा, गले में खराश/सांस लेने में कठिनाई/बदन दर्द/ सिर दर्द के साथ बुखार (>38˚Cè100.4˚F) आदि लक्षण युक्त रोगियों का लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड–19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिकपर रेफरल का कार्य किया जायेगा। किसी भी प्रकार बुखार तथा बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे की बुखार के साथ सर्दी–खॉसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम होने पर नागरिक अपने नजदीकी कोविड सहायता केन्द्र पर संपर्क करें।

# 8 किल कोरोना समितियों का गठन

**10 मई। शासन निर्देशानुसार कोविड–19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए '' किल कोरोना–3'' अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की जाकर प्रत्येक कोविड सहायता केन्द्र के लिये किल कोरोना समिति का गठन किया गया है।**

''किल कोरोना–3'' अभियान के तहत कोविड सहायता केन्द्र वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 टीआईटी रोड डिस्पेंसरी हेतु सर्वश्री विपिन पोरवाल, रवि जौहरी, संजय दलाल, रणजीतसिंह परिहार व संतोष कोलम्बेकर, वार्ड क्रमांक 30, 31 व 32 जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड हेतु सर्वश्री राकेश परमार, अश्विन जायसवाल, योगेश केथवास व नरेन्द्र तिवारी, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 दिलीप नगर डिस्पेंसरी हेतु सर्वश्री रमेश पांचाल, निखिल पांचाल, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 मोती नगर प्राथमिक स्कूल हेतु सर्वश्री नन्दकिशोर, राकेश मीणा, राजेश रांका, सुरेन्द्र भाटी, सुशील सिलावट व गजेन्द्र पडियार, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी हेतु सर्वश्री दिलीप गांधी, स्नेहिल उपाध्याय, हितेश कामरेड, असीम व्यास, चमन मारू व सुनील आलोदिया माली, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल हेतु सर्वश्री मोहन वर्मा, श्रीमती अनिता कटारा, बंटी बोहरा, गौरव त्रिपाठी, गोवर्धन धारवा व मनोहरसिंह गौड़, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर हेतु सर्वश्री भगतसिंह भदौरिया, विवेक शर्मा, श्रीमती सोना शर्मा व श्रीमती सारिका दीक्षित व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड हेतु सर्वश्री धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, प्रकाश बंशीलाल, कमलेश जोशी, जयकिरण वर्मा व मुकेश सोनी की समिति का गठन किया गया है।

**गठित समिति नगर निगम रतलाम द्वारा गठित दल प्रभारियों एवं जिला चिकित्सालय रतलाम के अधिकारी एव्र कर्मचारियों से झोन/वार्ड के अर्न्तगत कोविड सहायता केन्द्र के संबंध में आवश्यक प्रचार–प्रसार, संभावित मरीजों को सहायता केन्द्र तक लाने एवं कोविड सहायता केन्द्र के संचालन में सहयोग करेगी।**

# पांच स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया

हर घर दस्तक अभियान के तहत 26 मई को रतलाम शहर के 5 स्थानों पर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रहे दलों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण है। शहर को संक्रमण से मुक्त करने के लिए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाएं। अपने कार्य में कोई भी कोताही नहीं बरतें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती विनीता लोढा आदि उपस्थित थे।

# कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण के लिए दो दिवसीय अभियान 27 मई से







**26 मई ।** रतलाम शहर में कोरोना मरीजों के गहन सर्वेक्षण तथा शत प्रतिशत संक्रमण मुक्त करने के लिए के लिए **दो दिवसीय अभियान 27 मई से आरंभ किया जा रहा है।** हर घर दस्तक कोई घर छुटेगा नहीं नामक इस अभियान में सर्वेक्षण दल रतलाम शहर के प्रत्येक घर पहुंचेंगे।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि यद्यपि कोरोना मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है फिर भी कुछ गंभीर मरीज सामने आते हैं इसके लिए आवश्यक है कि गहन सर्वेक्षण किया जाकर संदिग्ध मरीज चिन्हांकित किए जाएं। उनको प्रारंभिक स्तर पर ही दवाई दी जाकर गंभीरता से बचाया जाए। इसके लिए हर घर दस्तक अभियान आरंभ किया जा रहा है। अभियान में 300 सर्वेक्षण दल काम करेंगे। इनमें नगर निगमए महिला बाल विकासए स्वास्थ्य विभागए राजस्व तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारी सम्मिलित हैंए इनको 26 मई को प्रशिक्षित किया गया।

कलेक्टर ने बताया कि सर्वेक्षण दल बीमार व्यक्ति को चिन्हांकित करके प्राइमरी स्तर पर ही दवाई देंगे। मरीज की गंभीरता के अनुसार टेस्ट की आवश्यकता पर उसका सैंपल टेस्ट भी करवाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि अभियान में सहयोग करेंए सही जानकारी दें। यह अभियान आपके हित में हैए अभियान में संदिग्ध मरीजों की पूरे सप्ताह मॉनिटरिंग की जाएगी।




# आपदा प्रबंधन हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**24 मई ।** अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण–शीर्ण भवनों को वर्षा ऋतु के पूर्व नोटिस देकर खतरनाक भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्शी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये गये है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल, ईश्वर नगर विद्यालय भवन, शैरानीपुरा जमातखाना, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड है । आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे। आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी–गली सब्जी–फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में छोटे एवं बड़े नाले–नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों की नियमित रूप से साफ–सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपी गई है। इसके अलावा प्रकाश हेतु टार्च, पेट्रोमेक्स, तैराक इत्यादि की व्यवस्था के भी निर्देश संबंधित को दिये है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412–270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये।

इसके अलावा नाले नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले–नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाईन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर बिग्रेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिये।

## फल, सब्जी जब्त कर मेडिकल कॉलेज व कालिका माता अन्न क्षेत्र पहुंचाई

15 मई। कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण पर रोक लगाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम बैठक में दिये निर्देशों के विपरित नगर में विक्रय की जा रही फल व सब्जी को नगर निगम व पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त कर मेडिकल कॉलेज व श्री कालिका माता अन्न क्षेत्र पंहूचाया गया।




फल, सब्जी जब्त




निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में नगर निगम व पुलिस प्रशासन द्वारा चारो थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर लॉकडाउन अवधि में निर्देशो के विपरित फल व सब्जी विक्रय करने वालो से फल व सब्जी जब्ती कर मेडिकल कॉलेज में 5 क्विंटल फल व 1 क्विंटल सब्जी उपचाररत् मरीजो हेतु पंहूचाई गई इसके अलावा श्री कालिका माता अन्न क्षेत्र में टमाटर 10 किलो, भिण्डी 10 किलो, बैंगन 5 किलो, आलू 5 किलो, तरबुज, आम, चुकन्दर 3 किलो निराश्रितों हेतु पंहूचाई गई।

## 26 मई बुद्ध पूर्णिमा पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

24 मई। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 26 मई बुद्ध पूर्णिमा पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

रतलाम
नगर पालिक निगम
मास्क लगाए, और
वैक्सीन जरूर लगवाए

# निगम कर्मचारी कोरोना का दूसरा डोज अनिवार्य रूप से लगवायें






17 मई। नगर निगम में कार्यरत् अधिकारी एवं कर्मचारियों को फ्रन्टलाईन वर्कर्स की श्रेणी में लिया जाकर प्राथमिकता के साथ कोरोना का टीका लगाया जा रहा है जिसके तहत निगम के ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जिन्होने कोरोना का पहला डोज तो लगवा लिया है किन्तु तय समय–सीमा के बाद भी दुसरा डोज नहीं लगवाया है वे 18 मई को अनिवार्य रूप से कोरोना का दुसरा डोज लगवाकर अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा करें। नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु कोरोना का दुसरा डोज लगाये जाने के लिये 18 मई मंगलवार को आई.एम.ए. हॉल राजेन्द्र नगर, ऑफिसर्स क्लब डी.आर.एम. ऑफिस दो बत्ती, लॉयन्स हॉल पावर हाउस रोड व पुराने कलेक्टोरेट परिसर मे वेक्सीनेशन की व्यवस्था की गई है।




# स्वास्थ्य विभाग के दायित्वों में हुआ बदलाव

31 मई। नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू व सुदृढ़ बनाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के दायित्वों में बदलाव करते हुए नवीन दायित्व सौंपे है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को झोन क्रमांक 4 के प्रभार से मुक्त किया व उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री विराट मेहरा को जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र की सफाई व्यवस्था से मुक्त कर झोन क्रमांक 3 का दायित्व सौंपा है इसके अलावा उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री तरूण राठौड़ को रतलाम शहरी क्षेत्र की सेनेटाईजेशन कार्य से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 11 का प्रभारी नियुक्त किया। श्री आशीष चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री आशीष चौहान को कार्यालय अधीक्षक कार्यालय के लिपिक पद से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 14 का प्रभारी नियुक्त किया

इसके अलावा श्री किरण चौहान को झोन क्रमांक 3 के दायित्व से मुक्त कर झोन क्रमांक 4 का दायित्व सौंपा। इसके अलावा श्री मांगीलाल सुल्तान वार्ड क्रमांक 14 के प्रभारी से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 15 के वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा, श्री संतोष भाटी को वार्ड क्रमांक 15 के प्रभार से मुक्त कर वार्ड 15 में सफाई संरक्षक का दायित्व सौंपा साथ ही श्री राहूल बिड़वान वार्ड क्रमांक 11 के प्रभारी से मुक्त कर जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र की सफाई व्यवस्था का दायित्व सौंपा। होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

## श्री गणेशलाल माली सेवानिवृत्त

31 मई । नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक विभाग में कार्यरत् श्री गणेशलाल माली भृत्य की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण हो जाने पर कोविड–19 प्रोटोकॉल के तहत भाव–भीनी विदाई दी गई। उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने श्री गणेशलाल माली को हार पहनाकर, शाल– श्रीफल, प्रशस्ती पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। किया।

इस अवसर पर निगम अधिकारी सर्वश्री सुभाष गोयल, एम.के. जैन, विजय बालोद्रा, जसवन्त जोशी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।




# गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।




निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक–पृथक कचरा लिया जाये।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक– पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया द्य जिसके तहत 31 मई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 874 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 31 मई को डालूमोदी बाजार, थावरिया बाजार, रानीजी का मंदिर आदि क्षेत्रो से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।






नगर निगम एक्ट की **धारा 358** के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो **पालक पर 500 रूपये** का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर **निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा** स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी **श्री ए पी सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।**



| दिनांक | पकड़े गए मवेशियों |
|---|---|
| 01 मई | 801 पकड़े गए |
| 03 मई | 803 पकड़े गए |
| 04 मई | 805 पकड़े गए |
| 05 मई | 806 पकड़े गए |
| 06 मई | 807 पकड़े गए |

| | |
|---|---|
| 07 मई | 809 पकड़े गए |
| 08 मई | 812 पकड़े गए |
| 10 मई | 815 पकड़े गए |
| 11 मई | 109 पकड़े गए |
| 21 मई | 821 पकड़े गए |
| 24 मई | 836 पकड़े गए |

| | |
|---|---|
| 25 मई | 843 पकड़े गए |
| 26 मई | 848 पकड़े गए |
| 27 मई | 854 पकड़े गए |
| 28 मई | 861 पकड़े गए |
| 29 मई | 868 पकड़े गए |
| 31 मई | 874 पकड़े गए |

# खुले में गंदगी करने व पॉलीथीन का विक्रय व उपयोग करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

**नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले– नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दल का गठन कर स्पॉट फाईन हेतु वाहन भी उपलब्ध कराया है।**







गठित दल में विराट मेहरा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक मो.नं. 9770326691 को दल प्रभारी नियुक्त किया है इसके अलावा मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष षिन्दे मो.नं. 9424075393, मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 दल प्रभारी के साथ रहकर नगर में नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले–नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना करेंगे व जो दुकानदार जुर्माने के बाद भी निरंतर गंदगी करते है उनकी दुकाने सील करने की कार्यवाही करेंगे। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि षहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी उक्त मोबाईल नम्बरों पर देकर नगर को साफ–स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें। वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ–सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# कबाड़ी दिनेश–लक्ष्मीनारायण पर 5000 का जुर्माना



12 मई। हाट रोड वेदव्यास कालोनी क्षेत्र में दिनेश पिता लक्ष्मीनारायण सोलंकी कबाड़ी द्वारा कबाड़ के सामान से अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह द्वारा संबंधित पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया। कबाड़ी दिनेश–लक्ष्मीनारायण पर 5000 का जुर्माना

# गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना



13 मई। हाट रोड वेदव्यास कालोनी क्षेत्र में दिनेश पिता लक्ष्मीनारायण सोलंकी कबाड़ी द्वारा कबाड़ के सामान से अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह द्वारा संबंधित पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा दो बत्ती, टीआईटी रोड क्षेत्र में 5 फुटकर सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा गंदगी करने पर जुर्माना कर कुल राशि रूपये 1200/– वसूल कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

# मास्क नहीं लगाने व्यक्तियों पर जुर्माना




कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड–19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

स्पॉट फाईन दल द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100–100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई। म. प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम–1949 के अन्तर्गत कोविड–19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें

